3.11 vLFkkbZ vfxzeksa dk lek;kstu ugha fd;k tkuk

मध्य प्रदेश जिला पंचायत लेखा नियम 1999 के नियम 52 एवं मध्य प्रदेश जनपद पंचायत लेखा नियम 1999 के नियम 49 के प्रावधानों के अनुसार अग्रिम प्राप्त करने वाले व्यक्ति का यह दायित्व होगा कि जिस प्रयोजन हेतु अग्रिम प्राप्त किया गया है उसके पूरा होने के तत्पश्चात व्यय का विवरण तुरंत प्रस्तुत करें । प्रस्तुत करने में विफल रहने पर उसके अगले माह के वेतन या देय राशि से अग्रिम की कुल राशि की वसूली की जायेगी ।

397 पंचायती राज संस्थाओं के अभिलेखों की नमूना जांच के दौरान पाया गया कि 41 पंचायती राज संस्थाओं द्वारा 1994–95 से व्यक्तिगत एवं एजेन्सियों को दिए गए राशि ₹ 2.78 करोड़ के अस्थायी अग्रिम 31 मार्च 2013 को समायोजन हेतु लंबित थे । विवरण ifjf'k"V 3-2 में दर्शाया गया है । 358 पंचायती राज संस्थाओं मे अस्थायी अग्रिम बकाया नहीं थे ।

संबंधित पंचायती राज संस्थाओं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सचिव (ग्राम पंचायतों) ने बताया (2013–14) कि अग्रिमों की वसूली कर ली जायेगी ।

3.12 fujh{k.k izfrosnuksa dh yafcr dafMdkvksa dh fLFkfr

हमने देखा कि 399 निरीक्षण प्रतिवेदनों को, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता व्यवस्था के लिए संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा को भेजे गये । संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा को लेखापरीक्षा कंडिकाओं का अनुपालन करना था, जबकी 31 मार्च 2014 को वर्ष 2013–14 के दौरान जारी कुल 502 निरीक्षण प्रतिवेदनों की 3712 कंडिकाओं सहित कुल 4152 निरीक्षण प्रतिवेदनों की कुल 23667 कंडिकायें निराकरण हेतु लंबित थी ।

rkfydk & 3-4 ½ yafcr fujh{k.k izfrosnu ,oa dafMdkvksa dk fooj.k

l- Ø-	o"kZ	izkjfEHkd 'ks"k lfgr o"kZ ds nkSjku 'kkfey		fujkdr		var 'ks"k	
		fujh- izfr- dh l-	dafMdkvksa dh l-	fujh- izfr- dh l-	dafMdkvksa dh l-	fujh- izfr- dh l-	dafMdkvksa dh l-
1	2009–10 तक	2029	10824	35	336	1994	10488
2	2010–11	278	1611	5	159	273	1452
3	2011–12	813	4824	6	357	807	4467
4	2012–13	576	3674	0	126	576	3548
5	2013–14	502	3786	0	74	502	3712
	;ksx	4198	24719	46	1052	4152	23667

(स्त्रोत : मासिक बकाया प्रतिवेदन)

3.13 13oha foRRk vk;ksx dh vuq'kalk ij tkjh ,oa mi;ksx fd;k x;k vuqnku

13वें वित्त आयोग अनुदान का विभाजन पंचायती राज संस्थाओं के मध्य राज्य की वर्ष 2001 की जनगणना में ग्रामीण जनसंख्या की हिस्सेदारी अर्थात (4.44 करोड) 74 प्रतिशत राज्य की कुल जनसंख्या (6.03 करोड) के अनुपात में किया गया । राज्य शासन विशेष क्षेत्रों[7] में सामान्य मूल अनुदान एवं निष्पादन अनुदान का एक भाग, वैसे क्षेत्रों को आवंटित होनें वाले अनुदानों के अतिरिक्त कर सकता है ।

---

[7] म.प्र. के 50 जिला पंचायतों, 313 जनपद पंचायतों एवं 23006 ग्राम पंचायतों में से 20 जिला पंचायतें, 90 जनपद पंचायतें एवं 5221 ग्राम पंचायतें विशेष क्षेत्र में वर्गीकृत है

वर्ष 2013–14 में राज्य शासन द्वारा प्राप्त केन्द्रीय अनुदान तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को जारी होनें का विवरण निम्नानुसार हैः

(₹ djksM+ esa)

vuqnku dk izdkj	13oa foRRk vk;ksx }kjk vuq'kaflr	iapk;r ,oa xzkeh.k fodkl foHkkx }kjk iapk;rh jkt laLFkkvksa dks tkjh jkf'k
सामान्य मूल अनुदान (जी.बी.जी)	615.10	629.26
विशेष क्षेत्र मूल अनुदान (एस.ए.बी.जी)	22.56	24.24
सामान्य निष्पादन अनुदान (जी.पी.जी)	420.30	388.08[8]
विशेष क्षेत्र निष्पादन अनुदान (एस.ए.पी.जी)	22.56	निरंक
dqy ;ksx	1080-52	1041-58

(स्त्रोतः जानकारी वित्त विभाग द्वारा प्रदाय)

3-13-1 13oa foRRk vk;ksx vuqnku fØ;kUo;u ,tsfUl;ksa dks foyEc ls tkjh djuk

भारत सरकार द्वारा 13वें वित्त आयोग की मार्गदर्शिका के पैरा 4.2 में वर्णित प्रावधानों के तहत अनुदान राशि क्रियान्वयन एजेंसियों को निर्धारित समयावधि अर्थात वैसे राज्य जहॉं बैंकिंग सेवा आसानी से उपलब्ध हो पॉंच दिनों के अन्दर तथा जहॉं बैंकिग सेवा आसानी से उपलब्ध नहीं हो, दस दिनों के भीतर अनुदान राशि हस्तांतरित किया जाना था । किसी भी विलंब की स्थिति में, वर्ष 2010–11 की द्वितीय किश्त से राज्य सरकार को, रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की बैंक दर से ब्याज सहित अनुदान की किश्त जारी करनी थी ।

हमने देखा कि वर्ष 2013–14 के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 13वें वित्त आयोग अनुदान राशि पंचायती राज संस्थाओं के मध्य पांच से 120 दिवस के विलंब से जारी किया गया, फलस्वरूप राज्य सरकार पर ब्याज के रूप में ₹ 6.82 करोड़[9] का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ा ¼ifjf'k"V 3-3½ । राज्य सरकार द्वारा वर्ष के दौरान ₹ 184.31 लाख[10] ब्याज के रूप में स्वीकृत किया गया परन्तु मात्र ₹ 36.26 लाख पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रदान किया गया ।

आपति इंगित करनें पर आयुक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (सितम्बर 2014) ने बताया कि सामान्य निष्पादन अनुदान की स्वीकृति उच्च अधिकारियों द्वारा अनुमोदन में विलंब के कारण पंचायती राज संस्थाओं को बिलम्ब से जारी हुआ । राज्य सरकार ने 13वें वित्त आयोग अनुदान को जारी करने में विलंब होने के कारण ₹ 7.41 करोड़ ब्याज के रूप में स्वीकृत किये जिसमें से ₹ 36.26 लाख पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 30 जुलाई 2013 को प्रदान किये गये ।

उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि राज्य सरकार ने कुल ब्याज राशि ₹ 6.82 करोड़ के विरूद्व मात्र ₹ 184.31 लाख स्वीकृत किये एवं ₹ 36.26 लाख पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को जारी किये गये ।

8 पूर्व वर्ष की रोका गया अनुदान राशि ₹ 173.23 शामिल है

9 ब्याज की गणना, केन्द्रीय अनुदान की प्राप्ति दिनांक से 10 दिन घटाकर, 8.5 प्रतिशत की दर से की गई है

10 राज्य शासन ने दिनांक 26.03.2011 को ₹ 122.78 लाख, 08.01.2013 को ₹ 25.27 लाख एवं 15.07.2013 को ₹ 36.26 लाख स्वीकृत किये

3-13-2 Hkkjr ljdkj dk mi;kfxrk iek.k i= dk iLrrhdj.k

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी कार्य योजना (अगस्त 2010) की कंडिका 10 एवं 11 के अनुसार प्रत्येक ग्राम प्राप्त अनुदान के उपयोगिता प्रमाण पत्र, मासिक प्रतिवेदन के साथ–साथ जनपद पंचायत को प्रस्तुत करेगा । जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतों से प्राप्त उपयोगिता प्रमाण को संकलित कर जिला पंचायत को प्रस्तुत करेगा । जनपद पंचायतों द्वारा संकलित उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला पंचायत को प्रस्तुत किया जायेगा एवं जिला पंचायत, जनपदों से प्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र संकलित कर प्रत्येक माह की 15 तारीख तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को भेजेगा ।

भारत सरकार द्वारा जारी 13वें वित्त आयोग की मार्गदर्शिका के पैरा 6.3(ii) के अनुसार, 2010–11 की द्वितीय किश्त से, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग को पूर्व में प्राप्त किश्तों की उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजेगा एवं वित्त विभाग भारत सरकार को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजेगा ।

हमने देखा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वर्ष 2013–14 में प्राप्त समस्त अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र वित्त विभाग को प्रस्तुत किये गये जिसे यथावत भारत सरकार को अग्रेषित किया गया । आयुक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने बताया कि वर्ष 2013–14 में जिला/जनपद एवं ग्राम पंचायतों को 13वें वित्त आयोग के अन्तर्गत जारी अनुदान राशि को ही व्यय मानते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र वित्त विभाग को प्रस्तुत किये गये ।

पंचायती राज संस्थाओं के अभिलेखों की नमूना जांच के दौरान पाया गया कि पांच जिला पंचायतों[11], 12 जनपद पंचायतों[12], दस ग्राम पंचायतों[13] द्वारा उच्च प्राधिकारियों को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये गये । यद्यपि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजे गये परन्तु प्रतिलिपि, लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किया गया । इस प्रकार राज्य सरकार ने भारत सरकार को बढ़ी हुई राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया ।

3-13-3 13oa foRRk vunku jkf'k dk jkT; ;ktuk e 0;;iru

राज्य योजनान्तर्गत 'मुख्यमंत्री ग्रामीण हाट बाजार योजना', पूर्व स्थापित हाट बाजारों में ग्राहकों एवं व्यापारियों को बुनियादी सुविधायें सृजन करना था जिसका वित्त पोषण 'स्टाम्प डयूटी' एवं 'गौण़ खनिज उपकर' से किया जाना था ।

हमने देखा कि पूर्व स्थापित 2000 हाट बाजारों में राशि ₹ 960 करोड़ की लागत से अधोसंरचना सुविधाओं के निर्माण हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा (अप्रैल 2013) में निर्देश जारी किए गए । तदनुसार, जिला पंचायत सागर, विदिशा, रायसेन एवं देवास को योजनान्तर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ₹ 11.51 करोड़ (फरवरी, मार्च 2014) में स्वीकृती इस शर्त के साथ दी गयी की उक्त राशि का समायोजन 13वें वित्त आयोग के निष्पादन अनुदान उपलब्ध होने पर किया जायेगा ।

अगस्त 2014 में हमने पुनः देखा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राशि ₹ 11.51 करोड़ 13वें वित्त के खाते से मुख्यमंत्री ग्रामीण हाट बाजार योजना में

---

11 बुरहानपुर, छतरपुर, होशंगाबाद, झाबुआ और मंदसौर

12 बाबई, बनखेड़ी, बुरहानपुर, चावरपाठा, गोटेगांव, केसला, लांजी, माबई, मोहगांव, नौगांव, पिपरिया एवं विजयराघवगढ़

13 अड़गांव, बासपुर, बिल्हारा, जानाबाद, खामला, निम्बोला, सागोरिया, सरसडोली, सिरसौद एवं तुरकगुहारा

स्थानांतरित किया गया जबकि मुख्यमंत्री ग्रामीण हाट बाजार योजना में व्यय योजना मद से ही किया जाना था जो नहीं किया जाकर 13वें वित्त आयोग के निष्पादन अनुदान से समायोजन कर किया जाना अनियमित था ।

आयुक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (नवम्बर 2014) में बताया गया कि सामान्य निष्पादन अनुदान से किसी भी राशि का व्ययपर्तन मुख्यमंत्री ग्रामीण हाट बाजार योजना में नहीं किया गया है । उक्त जिलों को राशि ₹ 11.51 करोड़ विकास कार्यों के लिए अग्रिम, म.प्र. शासन के आदेश से दिया गया था, जिसका बाद में समायोजन 13वें वित्त निष्पादन अनुदान मद से किया गया ।

उत्तर उचित नहीं था क्योंकि राशि मुख्यमंत्री ग्रामीण हाट बाजार योजना अन्तर्गत स्वीकृत किया गया जहॉ पूर्व से ही निधि प्रावधानित था, इस प्रकार 13वें वित्त आयोग अनुदान का उपयोग उक्त कार्य पर किया जाना अनियमित था ।

3-13-4 lkekU; fu"iknu vunku dk fty ,o tuin ipk;rk d e/; xj vuikfrd forj.k

13वें वित्त आयोग के दिशा निदेशों के पैरा 9.1 के अनुसार राज्य के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक राज्य में एक उच्च स्तरीय निगरानी समिति गठित की जावेगी एवं सामान्य निष्पादन अनुदान उच्च स्तरीय निगरानी समिति के परामर्श से जारी की जानी थी । इस समिति की वर्ष में कम से कम दो बैठक होनी थी ।

म.प्र. शासन द्वारा जारी की गयी (अगस्त 2010) कार्य योजना के पैरा 3 के अनुसार सामान्य मूल अनुदान और विशेष क्षेत्र निष्पादन अनुदान का पंचायती राज संस्थाओं में वितरण जनसंख्या, क्षेत्रफल एवं संबंधित पंचायती राज संस्थाओं के अनुसूचित जाति एवं जनजाति की जनसंख्या के आधार[14] पर किया जाना था, उसी अनुसार मूल अनुदान का वितरण जनसंख्या एवं क्षेत्रफल के मान से किया गया ।

निष्पादन संबंधी अनुदान के वितरण के लिए वित्त विभाग ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सामान्य मूल अनुदान वितरण हेतु कार्य योजना में उल्लेखित आधार को ही अपनाने की सलाह दी । जबकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रत्येक जिला एवं जनपद को वर्ष 2013–14 में क्रमशः ₹ 1.00 करोड़ एवं ₹ 0.25 करोड़ की दर से अनुदान वितरित करने का निर्णय (सितम्बर 2012) लिया । उपरोक्त मापदण्ड के आधार पर 50 जिला पंचायतों एवं 313 जनपद पंचायतों में राशि ₹ 129 करोड़ वर्ष में वितरित किया जाना था ।

वर्ष 2013–14 के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 50 जिला पंचायतों एवं 313 जनपद पंचायतो को राशि ₹ 394.97 करोड़ का वितरण सामान्य निष्पादन अनुदान अन्तर्गत किया गया । इस प्रकार ₹ 129 करोड़ की निर्धारित राशि के अतिरिक्त राशि ₹ 265.97 करोड़ का वितरण जिला एवं जनपद पंचायतों के मध्य बिना निर्धारित मापदण्ड जो स्वयं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्धारित किया गया था न तो उसका पालन किया गया एवं न ही वित्त विभाग द्वारा सुझाये गये मापदण्ड का पालन किया गया एवं किसी अन्य मापदण्ड को अतिरिक्त राशि के वितरण हेतु भी नहीं अपनाया गया, इस प्रकार सामान्य निष्पादन अनुदान जिला एवं जनपद पंचायतों के मध्य गैर अनुपातिक रूप से वितरण किया गया ।

हमने यह भी देखा कि वर्ष 2013–14 में जिला पंचायत सागर जहॉ 11 जनपद पंचायतें हैं, को सामान्य निष्पादन अनुदान राशि ₹ 41.23 करोड़ प्रदाय किया गया जबकि जिला

[14] 65 प्रतिशत जनसंख्या, 25 प्रतिशत क्षेत्रफल एवं 10 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या को अधिभार देते हुए । विशेष क्षेत्र निष्पादन अनुदान वितरण में 70 प्रतिशत जनसंख्या एवं 30 प्रतिशत क्षेत्रफल को अधिभार दिया गया

पंचायत छिंदवाड़ा में 11 जनपद पंचायतें एवं जिला पंचायत धार में 13 जनपद पंचायतें हेतु क्रमशः राशि ₹ 11.05 करोड एवं ₹ 11.15 करोड़ प्रदान किये गये । इसी प्रकार जिला पंचायत विदिशा एवं रायसेन जहां समान रूप से सात जनपद पंचायतें हैं, को क्रमशः ₹ 11.69 करोड़ एवं ₹ 11.38 करोड़ सामान्य निष्पादन अनुदान प्रदान किया गया । जबकि सात अन्य जिला पंचायतें[15] जिसमें समान संख्या में अर्थात सात जनपद पंचायतें हैं, को सामान्य निष्पादन अनुदान राशि ₹ 5.35 करोड़ से राशि ₹ 8.45 करोड़ के बीच प्रदान किया गया । सामान्य निष्पादन अनुदान वितरण का विस्तृत विवरण ifjf'k"V 3-4 में दिया गया है ।

आयुक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा (नवंबर 2014) में बताया गया कि 13वें वित्त आयोग के निष्पादन अनुदान का वितरण त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के मध्य म.प्र. शासन, वित्त विभाग के परामर्श से किया गया है । शेष अनुदान राशि का वितरण शासन के आदेशानुसार किया गया है । समस्त त्रिस्तरीय पंचायती संस्थाओं को सामान्य निष्पादन अनुदान उच्च स्तरीय निगरानी समिति के बिना परामर्श से जारी किया गया है ।

उत्तर मान्य नहीं क्योंकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सामान्य मूल अनुदान के वितरण हेतु वित्त विभाग द्वारा उल्लेखित मापदण्ड को अंगीकृत नहीं किया गया, जबकी राशि ₹ 265.97 करोड़ के वितरण के सम्बन्ध में कोई आधार/मापदण्ड से सम्बन्धित शासन आदेश अभिलेखों में उपलब्ध नहीं था ।

3.13.5 jkT; ljdkj }kjk 13o foRRk vk;kx dh 'krk dh ifr

13वें वित्त आयोग की मार्गदर्शिका में उल्लेखित शर्तो के पालन के उपरान्त ही राज्य सरकार सामान्य निष्पादन अनुदान के आवंटन के आहरण हेतु पात्र होगी । राज्य सरकार द्वारा अनुपालन की गयी शर्तों की स्थिति निम्नानुसार है :

'kr	jkT; ljdkj }kjk dh x;h dk;Zokgh
पंचायतें, जिनमें निर्वाचित संस्था विद्यमान हो, सामान्य निष्पादन अनुदान प्राप्त करने का पात्र होगा ।	मध्य प्रदेश की सभी त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाएँ निर्वाचित है ।
पूर्व प्राप्त किश्त की उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी करनें के उपरांत ही अनुदान की आगामी किश्त जारी की जावेगी ।	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र, पंचायती राज संस्थाओं को जारी राशि के आधार पर न कि वास्तविक व्यय के आधार पर, समय पर भेजा गया है ।
सभी पंचायतों द्वारा लेखाओं का संधारण आदर्श पंचायत लेखांकन प्रणाली में किया जावेगा ।	राज्य सरकार आदर्श पंचायत लेखांकन प्रणाली अगस्त 2010 में स्वीकार किया है किंतु तीन स्तरीय पंचायती राज्य संस्थाओं के लेखे आदर्श पंचायत लेखांकन प्रणाली में संधारित नहीं है ।
सभी स्तरों की पंचायती राज संस्थाओं में लेखापरीक्षा प्रणाली लागू की जावेगी । भारत के नियंत्रक एवं	म.प्र. पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 2003 में संशोधन जुलाई 2011 में किया गया कि स्थानीय निधि संपरीक्षा

15 बड़वानी, दमोह, डिण्डोरी, होशंगाबाद, जबलपुर, खण्डवा एवं मुरैना

महालेखापरीक्षक की वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन के साथ–साथ संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा राज्य विधान सभा में प्रस्तुत की जावेगी ।	के प्रतिवेदन के साथ भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन विधान सभा में प्रस्तुत करने के लिए राज्यपाल को प्रस्तुत किया जावेगा । यद्यपि अभी तक कोई भी प्रतिवेदन राज्य विधान मंडल को प्रस्तुत नहीं किया गया है ।
पंचायती राज संस्थाओं में कार्यरत समस्त कार्यकारियों के विरूद्व प्राप्त भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु लोकपाल की नियुक्ति	मध्य प्रदेश में लोकायुक्त एवं उप लोकायुक्त अधिनियम 1981 लागू है एवं ग्रामीण स्थानीय निकाय के समस्त कार्यकारी इस अधिनियम के अधीन है ।
पंचायती राज संस्थाओं के मध्य निधि का हस्तांतरण हेतु ई–बैंकिंग प्रणाली की स्थापना	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 13वें वित्त आयोग के समस्त अनुदानों का हस्तांतरण ई–बैंकिंग के माध्यम से किया गया है ।
संविधान के अनुच्छेद 243 ।(2) के अनुसार राज्य वित्त आयोग का गठन करना	म.प्र. में राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया है एवं वर्तमान में तृतीय राज्य वित्त आयोग कार्यरत है
समस्त स्थानीय निकायों द्वारा आवासीय एवं व्यवसायिक संपतियों पर संपतिकर लगाना एवं इस कार्य हेतु उत्पन्न कठिनाईयों को दूर करना	म.प्र.पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 77 द्वारा ग्राम पंचायतों को सम्पत्ति कर अधिरोपित करने का अधिकार है

3-14 y[kkijh{kk fu"d"kZ

- राज्य शासन द्वारा संविधान के 73वें संशोधन अनुसार पंचायती राज संस्थाओं को निधि, कार्य एवं कार्यकारियों का हस्तांतरण नहीं किया गया । पंचायती राज संस्थाओं द्वारा आदर्श पंचायत लेखा प्रणाली के निर्धारित प्रारूपों में लेखांकन नहीं किया गया;
- पंचायती राज संस्थाओं को विभाज्यनीय राशि ₹ 147.98 करोड़ अनुदान का कम विभाजन किया गया । बैंक समाधान पत्रक तैयार नहीं करने के कारण निधियों के दुरूपयोग की जा सकती है;
- पंचायती राज संस्थाओं के मध्य 13वें वित्त आयोग अनुदान राशि का विलम्ब से जारी करने के फलस्वरूप राज्य शासन पर ब्याज राशि ₹ 6.82 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ा;
- राज्य शासन भारत सरकार को उपयोगिता प्रमाण पत्र वास्तविक व्यय के आधार पर न किया जाकर पंचायती राज संस्थाओं को जारी राशि के आधार पर किया गया; और
- राज्य शासन द्वारा न तो स्वयं निर्धारित मापदण्ड एवं न ही वित्त विभाग द्वारा सुझाये गये मापदण्ड का पालन करने के फलस्वरूप जिला एवं जनपद पंचायतों के मध्य सामान्य निष्पादन अनुदान का गैर अनुपातिक वितरण किया जाना ।

अध्याय – 4

लेखापरीक्षा कंडिकायें

v/;k; & pkj

y[kkijh{kk dfMdk;

4-1 ipk;rks dh ikfIr;kW

4-1-1 ifjp;

संविधान के अनुच्छेद 243–छ (73 वां संशोधन) अधिनियम, 1992 के अनुसार राज्य की विधानसभा, पंचायतो को ऐसी शक्तियॉ और प्राधिकार प्रदान करती है जो उन्हें स्वयं सरकारी संस्थाओं की तरह कार्य करने हेतु सक्षम करने के लिए आवश्यक हो । अनुच्छेद–243 एच अवधारित करती है कि राज्य की विधानसभा पंचायतों को ऐसी विधि एवं ऐसी सीमाओं में ऐसे करों, शुल्कों, यात्री कर एवं फीस की उगाही, संग्रह एवं विनियोग हेतु अधिकृत कर सकती है ।

मध्य प्रदेश शासन ने अनिवार्य एवं वैकल्पिक करों को लगाने के लिए मध्य प्रदेश ग्राम पंचायत आवश्यक करों एवं फीसों (शर्तों एवं अपवादों) का नियम 1996, मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1993 में शामिल किया है ।

13वें वित्त आयोग ने भी अनुशंसित किया था कि स्थानीय निकायों को संपत्ति कर (आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्ति में शामिल समस्त करों) के अधिरोपण के लिए पूर्णतः सक्षम होना चाहिए एवं इस संबंध में कोई भी बाधा को अवश्य दूर करनी चाहिए । तीसरे राज्य वित्त आयोग ने भी अधोसंरचना के निर्माण के लिए सहायता अनुदान हेतु करों को लगाने एवं उसका संग्रह के लिए ग्राम पंचायतों को अनुशंसित किया है ।

4-1-2 y[kkijh{kk m|s'; ,o dk;{k=

लेखापरीक्षा यह जांच करने के लिए की गई कि क्या :

- आवश्यक एवं वैकल्पिक करों एवं फीस ग्राम पंचायतों द्वारा लगाना एवं संग्रहित करना;
- करों, फीस इत्यादि का आरोपण निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप किया गया था; और
- जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं राज्य स्तर द्वारा निरीक्षण किया गया था ।

उपरोक्त की जांच के लिए (अगस्त से अक्टूबर 2014) राज्य के जिला धार एवं इंदौर जिले में जिला पंचायतें, 8 जनपद पंचायत[1] (17 में से) और 80 ग्राम पंचायत (1096 में से) के अभिलेखों की अवधि 2010–14 तक नमूना जांच की गई । राज्य स्तर पर निगरानी तंत्र के मूल्यांकन के लिए पंचायती राज संचालनालय के अभिलेखो की भी जांच की गई । ग्राम पंचायतों के नमूना जांच की सूची ifjf'k"V 4-1 में वर्णित है ।

y[kkijh{kk ifj.kke

4-1-3 vko';d djks dk yxkuk

मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1993 की धारा 77 की उपधारा (1) एवं धारा 77(ए) के अनुसार ग्राम पंचायतें विभिन्न आवश्यक कर जैसे कि संपत्ति कर, वृत्ति कर, प्रकाश कर, निजी शौचालय एवं पशुओं को बाजार में विक्रय पर पंजीयन शुल्क लगाने को अवधारित करता है । हमने निम्नानुसार पाया :

---

1 बदनावर, देपालपुर, धरमपुरी, गंधवानी, इन्दौर, मनावर, मऊ एवं निसरपुर

4-1-3-1 lEifRr dj dk vf/kjksi.k

अधिनियम की धारा 77(1) के अंतर्गत अनुसूची 1–ए के अनुसार भूमि या भवनों या दोनो की पूँजीगत लागत पर जिसमें भूमि की लागत ₹ 6,000 से अधिक हो, पर जो केन्द्र एवं राज्य शासन के अधीन हो, पंचायती राज संस्थान और धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के एकाधिकार को छोड़कर, पर संपत्ति कर प्रभारणीय है ।

हमने पाया कि 80 ग्राम पंचायतों की नमूना जांच में से सिर्फ 43 ग्राम पंचायतों (54 प्रतिशत) द्वारा अवधि 2010–14 के मध्य संपत्ति कर अधिरोपित किया । इन ग्राम पंचायतों द्वारा करों के अधिरोपण एवं संग्रहण की वर्षवार स्थिति निम्नानुसार हैः

rkfydk & 4-1 % xzke iapk;rksa }kjk dj dk vf/kjksi.k ,oa laxg.k dh fLFkfr

(₹ लाख में)

वर्ष	करों का अधिरोपण	करों का संग्रहण	संग्रहण प्रतिशत
2010–11	68.74	39.79	58
2011–12	79.94	58.11	73
2012–13	93.47	74.73	80
2013–14	142.41	64.10	45
;ksx	384-56	236-73	62

(स्त्रोतः ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई जानकारी अनुसार)

हमने यह भी पाया कि 43 ग्राम पंचायतों में से, तीन ग्राम पंचायतों (जोशीगुराडिया, मेमदी, एवं सेमल्या) द्वारा अवधि 2010–11 से 2013–14 के मध्य अधिरोपित संपत्ति कर का संग्रहण नहीं किया गया । ग्राम पंचायत द्वारा करों के अधिरोपण एवं संग्रहण का विवरण ifjf'k"V 4-2 में दर्शाया गया है ।

आगे, भवनों की संख्या एवं उनके क्षेत्रफल का विस्तार एक सामान्य घटना है । इस तारतम्य में संपत्ति के वास्तविक मूल्य ज्ञात करने के लिए ग्राम पंचायतो द्वारा सर्वे किया जाना चाहिए जिससे कर राजस्व में वृद्धि हो सके ।

हमने पाया कि संपत्ति कर के मूल्यांकन हेतु भवनों/संपत्तियों का सर्वे किसी भी चयनित ग्राम पंचायत द्वारा नहीं किया गया था । ग्राम पंचायत सांदला (जिला धार) में संपत्ति के मूल्य पर कर की संगणना न कर एक निश्चित दर ₹ 30 प्रति वर्ष के आधार पर संपत्ति कर संग्रहित किया गया ।

आपत्ति इंगित किए जाने पर, 23 ग्राम पंचायतों[2] के सचिवों ने बताया कि भविष्य में ग्राम सभा के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया जावेगा । छः ग्राम पंचायत[3] के सचिवों ने बताया कि अधिकतर परिवार गरीबी रेखा के नीचे होने के कारण करारोपण संभव नही था । तीन ग्राम पंचायतों[4] ने बताया कि ग्राम पंचायतों का क्षेत्रफल सरदार सरोवर बांध के पानी में डूबे होने के कारण करारोपण बंद कर दिया गया । ग्राम पंचायत बेडवाल्या ने बताया कि ग्राम सभा द्वारा करारोपण संबंधी प्रस्ताव पारित नहीं किया गया था तथा चार ग्राम पंचायतों[5] ने कोई जवाब नहीं दिया ।

---

[2] अजंदत, अनुपुरा बहादरा, बगवंया, बिलदा, धवरदा, ढोलना, दोत्राया, धुधी, इक्लवारा, गुलाती, ग्वालिपिपलिया, हसलपुर, जाटपुरा, झेगदा, कलवानी, केसवी, माद, मेहगांव, पिपरीमान, पिपली, सतुमारी, शाहपुरकक्रदा एवं टोंकी

[3] भाग्यपुर, चिरखान, गुंगीदेवी, जाववदा, कोदा और लिंगवा

[4] चिकलदा, खापरखण्ड और कोथडा

[5] बलवारा, बेगन्दा, देषवाल्या और खण्डलई

सर्वे नहीं किए जाने के संबंध में ग्राम पंचायतों के सचिवों ने बताया कि भविष्य में सर्वे किए जाएगें । ग्राम पंचायत सांदला के सचिव ने बताया कि कर के दरों के पुनर्निर्धारण हेतु ग्राम सभा के सक्षम प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा ।

4-1-3-2 izdk'k dj dk vf/kjki.k

धारा 77 ए(3) के अंतर्गत अनुसूची 1–ए के अनुसार प्रकाश की व्यवस्था ग्राम सभा द्वारा किए जाने पर प्रकाश कर अधिरोपणीय है ।

27 ग्राम पंचायतों की नमूना जांच में हमने पाया कि प्रकाश की व्यवस्था ग्राम पंचायतों द्वारा की गई थी । इनमें से 16 ग्राम पंचायतों[6] (59 प्रतिशत) द्वारा प्रकाश कर अधिरोपित किया । ग्राम पंचायतों द्वारा वर्षवार 2010–11 से 2013–14 के मध्य करों का अधिरोपण एवं संग्रहन का विवरण निम्नानुसार हैः

Rkfydk & 4-2 % o"k 2010&14 d e/; izdk'k dj dk vf/kjki.k ,oa lxg.k

(₹ लाख में)

o"k	dj vf/kjki.k	dj lxg.k	lxg.k ifr'kr
2010–11	5.91	1.02	17
2011–12	6.27	0.90	13
2012–13	7.96	1.21	15
2013–14	9.01	2.07	23
;kx	29-15	5-20	18

(स्त्रोतः ग्राम पंचायत द्वारा प्रदाय जानकारी अनुसार)

उपरोक्त सारणी दर्शाती है कि करों के संग्रहण की दर बहुत कम थी ।

आपत्ति इंगित किए जाने पर अवगत कराया गया कि जिन ग्यारह ग्राम पंचायतों[7] द्वारा जिन्होंने प्रकाश कर अधिरोपित नहीं किया था इस हेतु ग्राम सभा के सक्षम प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा ।

4-1-3-3 ofRr dj dk vf/kjki.k

धारा 77 ए (4) के अंतर्गत अनुसूची 1 (ए) के अनुसार कोई व्यक्ति जो किसी व्यवसाय या व्यापार ग्राम सभा की सीमा में करता है, पर कर अधिरोपित करना चाहिए ।

पांच ग्राम पंचायतों की नमूना जांच में हमने पाया कि वृत्ति कर केवल (6 प्रतिशत) अधिरोपित किया गया । पांच ग्राम पंचायतों द्वारा वर्ष 2010–14 के मध्य करों के अधिरोपण एवं संग्रहण का विवरण निम्नानुसार है :

rkfydk & 4-3 % ofRr dj dk vf/kjki.k ,oa lxg.k dh fLFkfr

(₹ लाख में)

l- Ø-	Xkke iapk;r dk uke	dj vf/kjki.k	dj lxg.k	lxg.k ifr'kr
1	गवली पलासिया	1.87	1.12	59
2	बिचोली मर्दाना	8.85	5.75	65
3	कम्पेल	0.06	0.03	53
4	सिंधासा	1.47	1.09	74
5	गंधवानी	1.13	0.29	25

(स्त्रोतः ग्राम पंचायत द्वारा प्रदाय जानकारी अनुसार)

---

6 अम्बाचन्दान, बख्तपुरा, बिचोलीमर्दाना, गंधवानी, ग्वालिपलासिया, जोषीगुरड़िया, कम्पेल, कोदरिया, मुलथान, नांदेद, नरलया, निसरपुर, रंगवासा, सन्ड्रेल, सिंघासा और सुसरी

7 अहिरखेड़ी, छोटाबगर्दा, चौहानखेड़ी, दटोडा, गुजरखेड़ा, हसलपुर, माद, मेमडी, न्यादपनथा, सिंदोदी और सिंघासा

4-1-3-4 eo'kh dk cktkj e foØ; ij iath;u 'kYd dk vf/kjki.k

धारा 77 के अंतर्गत अनुसूची–1 की उपधार (1) के अनुसार ग्राम पंचायत या उसके नियंत्रण के किसी बाजार या सीमा में मवेशी के विक्रय पर पंजीयन शुल्क प्रभारणीय है ।

दो ग्राम पंचायतों की नमूना जांच में हमने पाया कि केवल (गंधवानी एवं सन्द्रेल) द्वारा वर्ष 2010–14 के मध्य ₹ 2.08 करोड़ पंजीयन शुल्क के रूप में संग्रहित किए गए जिसका विवरण निम्नानुसार है:

Rkkfydk & 4-4 % xke iapk;rks }kjk dj d laxg.k dk fooj.k

(₹ लाख में)

o"kZ	xke iapk;r xa/kokuh	xke iapk;r lUnzy
2010–11	0.11	44.58
2011–12	0.06	49.50
2012–13	0.07	54.72
2013–14	0.14	59.66
;kx	0-38	208-46

(स्त्रोतः ग्राम पंचायत द्वारा प्रदाय जानकारी अनुसार)

आपत्ति इंगित किए जाने पर ग्राम पंचायतो के सचिवों ने बताया कि ग्राम सभा के सक्षम प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा ।

अतः आवश्यक करो के अधिरोपण में अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया, जबकि 80 ग्राम पंचायतों की नमूना जांच में से 37 ग्राम पंचायतों द्वारा करों का अधिरोपण एवं संग्रहण नहीं किया गया (ifjf'k'V&4-3) ।

4-1-4 djkjki.k dh fu/kkfjr izfØ;k dk ikyu u fd;k tkuk

मध्य प्रदेश ग्राम पंचायत आवश्यक कर एवं शुल्क (शर्ते एवं छूट) नियम, 1996 के नियम 3 के अनुसार एक ग्राम पंचायत को कर या शुल्क को तभी अधिरोपित करना चाहिए जब कर या शुल्क के निर्धारण की दर के संबंध में प्रस्ताव पारित कर लिया गया हो । इसके उपरांत ग्राम पंचायत को ग्राम पंचायत में ढ़ोल पीटकर इस बावत नोटिस जारी करना चाहिए । ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित कर या फीस की दर के संबंध में कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्ति या सुझाव लिखित में नोटिस में निर्धारित तिथि को या उससे पहले भेज सकता है । ग्राम पंचायत कार्यालय में कर या फीस की अंतिम रूप से निर्णीत दर का नोटिस जिसमें कर या शुल्क आरोपण का विवरण हो, ग्राम पंचायत द्वारा प्रकाशित कर उसकी प्रति ग्राम पंचायत में चस्पा की जाएगी ।

43 ग्राम पंचायतों में जिन्होंने अवधि 2010–11 से 2013–14 के मध्य संपत्ति कर एवं अन्य कर अधिरोपित किए थे उनमें हमने पाया कि, केवल पांच ग्राम पंचायतों[8] द्वारा करारोपण के लिए प्रस्ताव पारित होने के लिए ग्राम सभा के समक्ष अभिलेख प्रस्तुत किए गए थे । अन्य 38 ग्राम पंचायतों में यह भी देखा गया कि करारोपण की निर्धारित प्रक्रिया अपनाए जाने के संबंध में कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए (ifjf'k"V 4-4)।

आपत्ति इंगित किए जाने पर 38 ग्राम पंचायतो के सचिवों द्वारा स्वीकार किया गया कि ग्राम पंचायत में करारोपण संबंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं थे ।

8 अहिरखेड़ी, भीलबडोली, छोटाबगर्दा, गंधवानी और घुर्सल

4-1-5 oSdfYid dj ,oa 'kqYd dk djkjksi.k

मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1993 की धारा 77(2) अवधारित करती है कि ग्राम पंचायतों में निम्नलिखित वैकल्पिक कर आरोपित किए जा सकते है ।

- जल दर जहॉ ग्राम पंचायतों द्वारा निरंतर जल प्रदाय की व्यवस्था की गई;
- जल निकास हेतु शुल्क जहॉ ग्राम पंचायतों द्वारा जल निकास हेतु व्यवस्था की गई;
- मोटर वाहन छोड़कर वाहन मालिको द्वारा भुगतान योग्य शुल्क;
- भूमि अथवा सम्पत्तियों पर जिनका रखरखाव जनपद पंचायत द्वारा किया जाता है, के अधिग्रहण एवं उपयोग के लिए अधिनियम के अन्तर्गत जनपद पंचायत द्वारा अनुमति या किसी अनुज्ञा के लिए शुल्क;
- सराय, धर्मशालाएॅ, विश्राम घर, बूचड खाना एवं शिविर मैदान के उपयोग पर शुल्क; और
- मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 के अंतर्गत सार्वजनिक उपयोगिता के क्षेत्र को छोड़कर, ग्राम सभा के क्षेत्र में व्यवसायिक क्रेता, एजेन्ट तथा आढ़तिया से कर ।

39 ग्राम पंचायतों की नमूना जांच में हमने देखा किया कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2010–11 से 2013–14 के मध्य केवल जल कर आरोपित किया गया । उक्त अवधि में अधिरोपित राशि ₹ 125.44 लाख में से ₹ 60.71 लाख वसूल किए गए । ग्राम पंचायतवार विवरण ifjf'k"V 4-5 में दिया गया है ।

शेष 43 ग्राम पंचायतों के नमूना जांच में सचिवों ने अवगत कराया कि वैकल्पिक करों के करारोपण के लिए प्रस्ताव विचाराधीन नहीं था ।

4-1-6 xzke iapk;rksa esa djkjksi.k ds fy, izksRlkgu ;kstuk

13वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त अनुदान के उपयोग करने के लिए मध्य प्रदेश शासन ने 2010–15 अवधि के लिए एक कार्य योजना तैयार की थी । कार्य योजना की कंडिका 3.2 अवधारित करती है कि 13वें वित्त आयोग अनुदान की पांच प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में निजी करारोपण को बढ़ावा देने हेतु ग्राम पंचायतों को वितरित की जाएगी जो वर्ष 2011–12 से प्रभावशील होगी । तृतीय राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों की कंडिका 4.82 भी अवधारित करती है कि ऐसी ग्राम पंचायतें करारोपण एवं उसकी शत प्रतिशत वसूली करती है तो प्रोत्साहन अनुदान स्वीकृत किया जाये । ग्राम पंचायतों में करों के करारोपण एवं संग्रहण संबंधी सूचना जिला पंचायत के माध्यम से संचालनालय द्वारा एकत्रित की जाएगी ।

80 ग्राम पंचायतों की नमूना जांच में पाया कि वर्ष 2011–12 में करों के करारोपण एवं संग्रहण की उपलब्धि के लिए 58 ग्राम पंचायतों ¼ifjf'k"V 4-6½ को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वर्ष 2012–13 में ₹ 88.32 लाख प्रोत्साहन अनुदान जारी किया गया ।

हमने देखा कि 58 ग्राम पंचायतों में से 16 ग्राम पंचायतों[9] ने अनिवार्य कर और शुल्क का करारोपण एवं संग्रहण नहीं किया था । 43 ग्राम पंचायतों में से 33 ग्राम पंचायतों ¼ifjf'k"V 4-7½ ने वर्ष 2011–12 में अधिरोपित करों का संग्रहण 100 प्रतिशत नहीं किया था ।

[9] बेदवाल्या, छिखल्दा, देषवाल्या, ढोलना, दोत्राया, हसलपुर, जावदा, खण्डलई, थापरखंड, कोदा, कोथदा, लिंगवा, माद, मेहगांव, पिपली और टोंकी

इस तरह 49 ग्राम पंचायतों (16+33) को ₹ 70.12 लाख प्रोत्साहन अनुदान प्रदाय किया गया था यद्यपि ग्राम पंचायतों द्वारा करारोपण की 100 प्रतिशत वसूली नहीं की गई ।

इस तरह योजना के प्रावधानों में विचलन के बावजूद शासन द्वारा अपात्र ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन अनुदान दिया गया ।

आगे, जैसा कि आयुक्त द्वारा जारी मार्गदर्शिका (जुलाई 2012) अवधारित करती है कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन अनुदान प्राप्ति के तीन माह के भीतर उपयोगिता प्रमाण पत्र संचालक को सौंपना चाहिए ।

हमने 58 ग्राम पंचायतों की नमूना जांच में देखा कि ¼ifjf'k"V 4-6½ जिन ग्राम पंचायतों ने वर्ष 2012–13 में प्रोत्साहन अनुदान प्राप्त किया था, उनमें से किसी ने भी उपयोगिता प्रमाण पत्र संचालक को प्रेषित नहीं किया । जनपद पंचायत इन्दौर को छोड़कर जिला पंचायतों एवं जनपद पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायतों से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के प्रयास नहीं किये ।

आपत्ति इंगित करने पर ग्राम पंचायतों के सचिवों ने अवगत कराया कि उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजे जायेगें । जिला पंचायतों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायतों से उपयोगिता प्रमाण पत्र एकत्र किये जायेगें एवं निदेशक मंडल को प्रेषित किये जायेगें ।

4.1.7 'kkfLr dk i:ko/kku

मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1993 की धारा 82 में वर्णित है कि जब कोई व्यक्ति कोई कर, शुल्क, दर अथवा बकाया कोई राशि का भुगतान नहीं करता है तो राशि ₹ 500 अथवा बकाया राशि का दस गुना जो भी अधिक हो अधिरोपित कर शास्ति के रूप में भुगतान के लिए उत्तरदायी होगा ।

हमने देखा कि 43 ग्राम पंचायतों ने कर अधिरोपित किये उनमें से 21 ग्राम पंचायतों[10] ने वर्ष 2010–11 में अधिरोपित करों के विरूद्व 27 प्रतिशत करों का संग्रहण वर्ष 2011–12 में 26 प्रतिशत वर्ष 2012–13 में 29 प्रतिशत और 2013–14 में 27 प्रतिशत किया गया । करों के संग्रहण की प्रगति खराब होने के बावजूद इन ग्राम पंचायतो में किसी ने भी दण्ड अधिरोपित नहीं की । करों की वसूली में दण्ड का अधिरोपण न करना भी कर वसूली में बिलंब होने का कारण है ।

आपत्ति इंगित करने पर ग्राम पंचायतों के सचिवों ने कहा कि ग्राम सभा के समक्ष दण्ड अधिरोपित करने के प्रस्ताव रखे जाएगें ।

4-1-8 vfHkys[kksa dk l:/kkj.k

ग्राम पंचायत वैकल्पिक करों एवं शुल्क (शर्ते एवं अपवाद) नियम, 1996 में निहित नियम 15 के अनुसार एवं करों की मांग एवं वसूली, शुल्क एवं दर के लिए एक पंजी संधारित की जानी चाहिए । जिसमें विभिन्न प्रकार के अधिरोपित करों, शुल्कों एवं दरों के लिए पृथक पंजी या पृथक से पृष्ठों का समूह रखना चाहिए । प्रत्येक माह के अन्त में सचिव व सरपंच द्वारा पंजी पर हस्ताक्षर किये जाने चाहिए साथ ही प्राप्ति एवं वितरण का मासिक एवं वार्षिक विवरण, प्राप्ति पुस्तक तथा ग्राम पंचायतों एवं ग्राम सभाओं की कार्यसूची आवश्यक रूप से संधारित किये जाने चाहिए ।

हमने देखा कि 43 में से 33 ग्राम पंचायतों ने कर अधिरोपित किये ¼ifjf'k"V 4-8½ थे । करों हेतु पंजी का संधारण नहीं किया गया था उक्त पंजी के अभाव में ग्राम पंचायतों द्वारा अधिरोपित करों की वास्तविक मांग को लेखापरीक्षा में सत्यापित नहीं

[10] अम्बाचंदन, बरूतगढ, बरूतपुरा, भीलबडोली, चोखन खेडी, दातोडा, गंधवानी, जोशीगुरदिया, कम्पेल, खलबुजुर्ग, कोडारिया, मेंमडी, मुलधन, नंदरा, नार्ते, निरसपुर, फुलन, रगंवासा, रतनपुरा, सिधाना एवं सेमल्या

किया जा सका । ग्राम पंचायतों द्वारा उक्त पंजी के अतिरिक्त सहायक अभिलेख जैसे प्राप्ति एवं भुगतान का विवरण का भी संधारण नहीं किया ।

इस प्रकार, पंचायतों की प्राप्तियों के लिए अभिलेखों का संधारण नियमानुसार सुनिश्चित नहीं होने के कारण करों के अधिरोपण एवं संग्रहण की वास्तविक राशि को लेखापरीक्षा में सुनिश्चित नहीं किया जा सका ।

आपत्ति इंगित किये जाने पर ग्राम पंचायतों के सचिवों ने अवगत कराया कि भविष्य में अभिलेखों को संधारित किया जाएगा ।

4-1-9 xke ipk;rks es djkjksi.k ,o mldh olwyh dk vuJo.k

मध्य प्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, की धारायें 51 एवं 52 के अनुसार जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत का उत्तरदायित्व है कि ग्राम पंचायतों के क्रियाकलापों, मार्गदर्शन, समन्वय, मूल्यांकन एवं निगरानी के संबंध में मार्गदर्शन दे । आयुक्त, पंचायती राज (जुलाई 2012) द्वारा जारी निर्देश के अनुबंध, मुख्य कार्यपालन अधिकारियों जिला पंचायत, जनपद पंचायत करों के प्रोत्साहन अनुदान की निगरानी के लिए उत्तरदायी होगें ।

आयुक्त, पंचायती राज ने भी सभी जिला पंचायतों को निर्देश जारी किया (अगस्त 2010) कि जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के चुने सदस्यों के साथ कार्यवाही की बैंठक में करों के मुद्दे को भी शामिल किया जाये । जिससे कि वे अपनी ग्राम पंचायतों में करों के अधिरोपण एवं संग्रहण के लिए प्रेरित कर सके ।

चयनित जिला पंचायतों एवं जनपद पंचायतों की लेखापरीक्षा के दौरान हमने निम्नानुसार स्थिति पायी :

- ग्राम पंचायतों में करों के संबंध में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तर पर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के चुने गये सदस्यों के साथ कोई बैठक आयोजित नहीं की गई । इस प्रकार जनपद पंचायतों में करों के अधिरोपण एवं संग्रहण के प्रोत्साहित करने के लिए जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तर पर कोई योजना नहीं बनाई गई ।
- ग्राम पंचायतों में करों के संग्रहण एवं प्रोत्साहन अनुदान से प्राप्त निधियों का उपयोगिता को भी जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों द्वारा निगरानी नहीं की गई ।
- राज्य स्तर पर ग्राम पंचायतों में करों के प्रोत्साहन के लिए प्रोत्साहन अनुदान योजना को छोड़कर सुझाव हेतु कोई प्रभावी अभिलेख संधारित नहीं था । करों के अधिरोपण एवं संग्रहण के प्रगति की निगरानी हेतु कोई प्रतिवेदन निर्धारित नहीं था ।

आपत्ति इंगित किये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, इन्दौर ने अवगत कराया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत निगरानी के लिए उत्तरदायी है । मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, धार ने अवगत कराया कि इस संबंध मे समय–समय पर निर्देश जारी किये गये ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, इन्दौर, देपालपुर एवं महू ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किये जाने हैं, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, धरमपुरी एवं निसरपुर ने उत्तर नहीं दिया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, मनावर, गंधवानी एवं बदनावर ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायतों को करों के संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं किये । मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद

पंचायत, इन्दौर का उत्तर नियमानुसार नहीं है जो निर्देश जारी किये गए हैं वो केवल आयुक्त को करों के अधिरोपण एवं संग्रहण की जानकारी प्रेषित करने के लिए थे ।

इस प्रकार किसी भी स्तर पर प्रभावी निगरानी नहीं की गई ।

4-1-10 fu"d"k

- 46 प्रतिशत ग्राम पंचायतों द्वारा आवश्यक करों का अधिरोपण एवं संग्रहण नहीं किया । क्रमशः 54 प्रतिशत एवं 59 प्रतिशत ग्राम पंचायतों द्वारा सम्पत्ति कर एवं प्रकाश कर का अधिरोपण नहीं किया गया । केवल 6 प्रतिशत ग्राम पंचायत द्वारा वृत्ति कर अधिरोपित किए गए । ग्राम सभा में पारित किए गए प्रस्ताव में करारोपण के कोई सुझाव अभिलेख में नहीं थे।

- 50 प्रतिशत ग्राम पंचायत द्वारा जल कर संग्रहित किए जाने के अतिरिक्त को छोड़कर ग्राम पंचायतों द्वारा वैकल्पिक करों और शुल्कों का अधिरोपण एवं संग्रहण नहीं किया गया ।

- शासन ने करों के संग्रहण को सुनिश्चित किए बिना ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन का भुगतान किया था । ग्राम पंचायतों द्वारा करों की वसूली की प्रगति धीमी थी जिसका मुख्य कारण दण्ड अधिरोपण का प्रावधान न होना था ।

4.2 ;kstuk jkf'k dk fMekaM MªkQV ds :i esa j[kuk lajpuk ls C;kt dh gkfu

e/; insa'k jkT; jkstxkj xkjUVh ifj"kn ¼,e-ih-,l-bZ-th-lh-½ ds vfoosdiw.kZ fu.kZ; ds dkj.k ;kstuk jkf'k ₹ 29.51 djksM+ pkj ekg rd cpr [kkrk ls ckgj j[kus ls C;kt gkfu jkf'k ₹ 39.35 yk[k ,oa Hkkjr ljdkj dks jkf'k ₹ 29-51 djksM+ dk c<+k gqvk mi;ksfxrk izek.k&i= izLrqr djuk

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय, (एन.आर.ई.जी.ए. विभाग) के आदेश मार्च 2007 के अनुसार प्रशासनिक व्यय से क्रियाकलापों जैसे कि आई.ई.सी., प्रशिक्षण, आयोजन, एम.आई.एस. पर्यवेक्षण एवं सामाजिक अंकेक्षण पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना (एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस.) के अन्तर्गत किया जाना था । एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस. 2008 के परिचालन संबंधी मार्गदर्शिका के अनुसार राज्य, जिला एवं खण्ड स्तर पर योजना राशि के लिए पृथक से बैंक खाते खोले जाने थे ।

आयुक्त, मध्य प्रदेश राज्य रोजगार गारन्टी परिषद् (परिषद्)[11] द्वारा प्रस्तावित (फरवरी 2012) किया गया कि 200 जनपद पंचायतों में निरंतर ऊर्जा प्रदाय करने हेतु 200 सौर ऊर्जा संयंत्र (एस.ई.पी.) लगाये जाने थे । जिसके तारतम्य में, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य ऊर्जा विकास निगम, भोपाल द्वारा योजना प्रतिवेदन तैयार किया गया जिसकी अनुमानित लागत राशि ₹ 54 करोड़ का वित्तीय प्रस्ताव प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रेषित किया गया । प्रस्ताव के अनुसार राशि ₹ 27 करोड़ (50 प्रतिशत) का एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस. के प्रशासनिक व्यय मद से प्रबंध किया जाना था एवं शेष राशि का अनुदान से प्रबंध (केन्द्र : 16.20 करोड़; राज्य : 10. 80 करोड़) । प्रस्ताव (मार्च 2012) पी.आर.डी.डी. द्वारा स्वीकृत किया गया ।

राज्य परिषद् के अभिलेखों की नमुना जॉच में (जुलाई 2013) हमने देखा कि आयुक्त, परिषद द्वारा 50 जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को एस.ई.पी. की लागत के विरूद्व लगभग ₹ 30 करोड़ के लिए प्रत्येक जिला पंचायतों को एम.जी.एन.

---

11 एम.पी.एस.ई.जी.सी. राज्य स्तर पर एजेन्सी के रूप में पंचायती राज्य संस्था के अन्तर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी है

आर.ई.जी.एस. अन्तर्गत आवंटित प्रशासनिक व्यय मद से डिमान्ड ड्राफ्ट बनवाने के लिए निर्देशित किया गया (मार्च 2012) । डिमान्ड ड्राफ्ट निगम के पक्ष में बना कर 31 मार्च 2012 तक परिषद को भेजना था । जिसके तारतम्य में, 49 जिला पंचायतों (देवास छोड़कर) द्वारा राशि ₹ 29.51 करोड़ के डिमान्ड ड्राफ्ट बनवा कर निर्धारित तिथि के भीतर परिषद को प्रेषित किये गए ¼ifjf'k"V& 4-9½ । जबकि डिमान्ड ड्राफ्ट परिषद द्वारा रख लिये गए ।

बाद में परिषद ने (जुलाई 2012) में एस.ई.पी. लगाने का विचार इस आधार पर छोड़ दिया कि विद्युत विभाग द्वारा फिडर लगाने का कार्य प्रगति पर था जिससे 24 धंटे विद्युत उपलब्ध रहेगी । परिषद ने डिमान्ड ड्राफ्ट जुलाई 2012 में संबंधित जिला पंचायतों को वापस कर दिए ।

इस तरह एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस. निधि राशि ₹ 29.51 करोड़ लगातार चार माह तक योजना खाते से बाहर रही जिसके फलस्वरूप राशि ₹ 39.35 लाख[12] की ब्याज हानि हुई ।

इसके पश्चात लेखापरीक्षा द्वारा भारत सरकार को बर्ष 2011–12 में किये प्रशासकीय व्यय के प्रेषित उपयोगिता प्रमाण–पत्र पर पूछताछ की गई, परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार को प्रेषित उपयोगिता प्रमाण–पत्र राशि ₹ 207.89 करोड़ में ₹ 29.51 करोड़ की राशि शामिल थी । आगे समान राशि के उपयोगिता प्रमाण–पत्र सनदी लेखाकार के आडिट रिपोर्ट के साथ राशि ₹ 29.51 करोड़ कम किये बिना चली गई जो वास्तविक व्यय नहीं थी । इस तरह परिषद ने बिना आवश्यकता के राशि ₹ 29.51 करोड़ आहरित कर भारत सरकार को बढ़ा हुआ उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रेषित किया ।

आयुक्त ने (नवम्बर 2013 एवं सितंबर 2014) में अवगत कराया कि प्रशासकीय व्यय में होने वाली बचत के उपयोग था ।

आयुक्त का उत्तर स्वीकार योग्य नहीं था क्योंकि प्रशासनिक व्यय से राशि का आहरण तुरंत वितरण/उपयोग से नहीं था परिणामस्वरूप योजना में ब्याज हानि हुई । इसके अतिरिक्त एस.ई.पी. लगाने के लिए प्रशासनिक व्यय मद का उपयोग योजना की मार्गदर्शिका के अनुरूप भी नहीं था ।

मसौदा शासन को (सितंबर 2013) में प्रेषित किया गया; जिसका उत्तर अब तक अप्राप्त है (फरवरी 2015) ।

[12] राशि ₹ 29.51 करोड पर बचत खाते पर चार प्रतिशत ब्याज दर एवं चार माह

4.3 eujxk fuf/k dk 0;ioru

f'koiqjh tuin ipk;r ds vUrxZr xzke ipk;rksa }kjk ,e-th-,u-vkj-bZ-th-,l- fuf/k dh jkf'k ₹ 23-68 yk[k dk ;kstuk ds fo:} mi;ksx

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम, 2005 (एन.आर.ई.जी.ए.) प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का सुनिश्चित मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराना एवं टिकाऊ परिसम्पत्ति सृजित करना है । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस.) की मार्गदर्शिका की कंडिका क्रमांक 6.1.1 के अनुसार जल संरक्षण, वनरोपण, पौधरोपण, सिचाई, भूमि विकास, ग्रामीण सड़कों से संबंधित कार्य योजना के अन्तर्गत अनुमत्य थे । इसके अतिरिक्त कंडिका क्रमांक 8.5.5 एवं 8.5.6 के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस. राशि का उपयोग किसी अन्य उद्देश्यों पर नहीं किया जा सकता । ग्राम पंचायतें व्यय करने के लिए अधिकृत होगी जो उनको किसी कार्य क्रियान्वयन के लिए स्वीकृत की गई है । किसी राशि का व्यपवर्तन गबन माना जाएगा एवं वसूली की कार्यवाही शीघ्र की जाएगी ।

जनपद पंचायत, शिवपुरी की ग्राम पंचायतों के एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस. के वार्षिक लेखे वर्ष 2011–12 की समीक्षा के दौरान हमने पाया (दिसंबर 2013) कि 32 ग्राम पंचायतों में एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस. के अन्तर्गत जैसा कि ग्रामीण सडक, जल संरक्षण/ संवर्धन, भूमि विकास आदि कार्य किये जाने के लिए राशि ₹ 1.49 करोड़ उपलब्ध थी । इसके लिए निधि राशि ₹ 23.68 लाख[13] (कुल उपलब्ध राशि का 16 प्रतिशत) का उपयोग ग्राम पंचायतों द्वारा विज्ञापन, मानदेय, स्टेशनरी एवं सरपंच/सचिव को अग्रिम पर किया गया जो योजना के दिशानिर्देशों के विरूद्व था ¼ifjf'k"V&4-10½ ।

आपत्ति इंगित किये जाने पर ग्राम पंचायतों ने (दिसंबर 2013) अवगत कराया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, शिवपुरी के आदेश पर विज्ञापन पर व्यय किया गया, जबकि मानदेय का भुगतान मध्य प्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद के निर्देशानुसार किया गया । स्टेशनरी एवं सचिव/सरपंच को दिये गये अग्रिम के सम्बंध में कोई उत्तर नहीं दिया गया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, शिवपुरी ने अवगत (दिसंबर 2013) कराया कि ग्राम पंचायतों को कार्य क्रियान्वित कराने के लिए निधि उपलब्ध कराई गई थी परन्तु ग्राम पंचायतों द्वारा उक्त राशि का उपयोग अन्य मदों पर अपने स्तर से किया गया ।

प्रकरण परिषद[14] को (जुलाई 2014) प्रेषित किया गया । परिषद ने 30 ग्राम पंचायतों[15] के तथ्यों पर सहमति दी एवं शेष 2 ग्राम पंचायतों से जानकारी आने के बाद तथ्यों पर अभिमत प्रेषित किये जाने हेतु लेख किया ।

---

13 सामाजिक गतिविधियों पर व्यय (दीवार पर लेखन), ₹ 6.01 लाख वेतन पर व्यय (ग्राम पंचायतों को मानदेय), ₹ 1.14 लाख स्टेशनरी पर व्यय ₹ 0.63 लाख एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच को अग्रिम ₹ 15.90 लाख

14 एम.पी.एस.ई.जी.सी. राज्य स्तर पर एजेन्सी के रूप में पंचायती राज्य संस्था के अन्तर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी है ।

15 बारा, भानगढ, बिलूपूरा, डबिया, डडोल, डोंगर, गाडीहरोड, कजूरी, कलोथरा, कनकर, कपरना, कारी अहमदपुर, करै कैरौ, करसेना, खायाब्दाकलां, कोदबदा, कोटा, कुवंरपुरा, कुषीयारा, लालगढ, मझेरा, मोहनगढ, मुदैरी, रायश्री, सकलपुर, सतनवाड़ाकलां, सतनबाड़ा खुर्द, सिकराबदा, सुन्ड एवं टोंगरा

जनपद पंचायत का उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि पूर्व में जनपद पंचायत (नवम्बर 2010) द्वारा ग्राम पंचायतों को विज्ञापन पर व्यय का भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

इस तरह 32 ग्राम पंचायतों द्वारा ₹ 23.68 लाख का व्यय योजना की मार्गदर्शिका के विरूद्व था जिसके कारण रोजगार का सृजन बुरी तरह प्रभावित हुआ साथ ही साथ टिकाऊ परिसम्पत्ति भी सृजित नहीं हो सकी ।

मसौदा शासन को (जुलाई 2014) में प्रेषित किया गया; उनका उत्तर अब तक अप्राप्त है (1 मार्च 2015) ।

दिनांक : 20 MAY 2015
स्थान : ग्वालियर

(चन्द्र भान)
उप महालेखाकार
(सामाजिक क्षेत्र लेखापरीक्षा–प्रथम)
मध्य प्रदेश

प्रतिहस्ताक्षरित

दिनांक : 20 MAY 2015
स्थान : ग्वालियर

(सौरभ कुमार मल्लिक)
महालेखाकार
(सामान्य एवं सामाजिक क्षेत्र लेखापरीक्षा)
मध्य प्रदेश

परिशिष्ट

ifjf'k"V 1-1

y[kkijhf{kr uxjh; LFkkuh; fudk;ksa dh lwph

lanHkZ dafMdk 1-3 ¼i"B 2½

l-Ø-	bdkbZ dk uke
1	आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
2	नगर पालिक निगम, सिंगरौली
3	नगर पालिक निगम, जबलपुर
4	नगर पालिक निगम, इन्दौर
5	नगर पालिक निगम, कटनी
6	नगर पालिक निगम, भोपाल
7	नगर पालिक निगम, सागर
8	नगर पालिक निगम, बुरहानपुर
9	नगर पालिक निगम, सतना
10	नगर पालिका परिषद, शाजापुर
11	नगर पालिका परिषद, परासिया, छिंदवाड़ा
12	नगर पालिका परिषद, अमरवाड़ा, छिंदवाड़ा
13	नगर पालिका परिषद, मलाजखण्ड
14	नगर पालिका परिषद, बालाघाट
15	नगर पालिका परिषद, धनपुरी, शहडोल
16	नगर पालिका परिषद, रहेली, सागर
17	नगर पालिका परिषद, पिपरिया, होशंगाबाद
18	नगर पालिका परिषद, बारासिवनी, बालाघाट
19	नगर पालिका परिषद, उमरिया
20	नगर पालिका परिषद, अम्बाह, मुरैना
21	नगर पालिका परिषद, झाबुआ
22	नगर पालिका परिषद, छतरपुर
23	नगर पालिका परिषद, श्योपुर
24	नगर पालिका परिषद, सबलगढ़, मुरैना
25	नगर पालिका परिषद, करेली, नरसिंहपुर
26	नगर पालिका परिषद, नैनपुर, मण्डला
27	नगर पालिका परिषद, मण्डला
28	नगर पालिका परिषद, नौगांव, छतरपुर
29	नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़
30	नगर पालिका परिषद, कोलार, भोपाल
31	नगर परिषद, अकोदिया, शाजापुर

l-Ø-	bdkbl dk uke
32	नगर परिषद, हाटपिपल्या, देवास
33	नगर परिषद, लोर्हदा, देवास
34	नगर परिषद, मण्डलेष्वर, खरगोन
35	नगर परिषद, बदकुही
